# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**
11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

10 मई, 2016

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा केरल के थ्रिसुर और पलक्कड़ की रैली में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**हमने अगस्ता-वेस्टलैंड मामले में तो बस इतना कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी, तो आखिर कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को किस बात का डर सता रहा है, इसका मतलब यह है कि दाल में कहीं-न-कहीं कुछ काला जरूर है: अमित शाह**

**************

**हम भलीभांति सोनिया जी के देशप्रेम को जानते हैं और उनके पुत्र मोह को भी. हम उनके नेशनल हेराल्ड के प्रति प्रेम को भी जानते हैं और उनके टूजी, कॉमनवेल्थ, आदर्श, एयर इंडिया, कोयला एवं वेस्टलैंड घोटाले के प्रति प्रेम को भी जानते हैं: अमित शाह**

**************

**पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस की यूडीएफ सरकार ने बस घोटाले ही घोटाले किये, केरल की कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार बनकर रह गई है: अमित शाह**

**************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र में हमारी सरकार के आये हुए 2 साल होने को आये लेकिन हम पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप अब तक नहीं लगा है: अमित शाह**

**************

**हम भ्रष्टाचार-मुक्त और सुशासन-युक्त भारत के नवनिर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं: अमित शाह**

**************

**कांग्रेस-नीत यूडीएफ और लेफ्ट के एलडीएफ गठबंधन का कोई सिद्धांत नहीं है, इन दोनों पार्टियों का एक मात्र सिद्धांत किसी भी तरह से सत्ता प्राप्त करना है: अमित शाह**

**************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है, मोदी सरकार गाँव, गरीब और किसानों की सरकार है: अमित शाह**

**************

**हम चाहते हैं कि केरल का युवा यहीं रहकर दुनिया के युवाओं के साथ स्पर्धा करे, रोजगार प्राप्त करे और देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सके: अमित शाह**

**************

**हमारे कार्यकर्ताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, हम इस बलिदान पर एक खुशहाल और समृद्ध केरल के नवनिर्माण की नींव रखने में सफल होंगे: अमित शाह**

**************

**केरल की जनता ने कभी किसी को सत्ता में लाने के लिए वोट नहीं डाला है बल्कि भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए वोट डाला है: अमित शाह**

**************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह ने आज, मंगलवार को केरल के थ्रिसुर और पलक्कड़ में आयोजित विशाल रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने केरल की जनता से राज्य की भ्रष्टाचारी कांग्रेस-नीत यूडीएफ सरकार को जड़ से उखाड़ कर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एक मजबूत और विकसित केरल के नवनिर्माण का आह्वान किया।

अगस्ता वेस्टलैंड मामले पर बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **हमने तो किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया, हमने तो बस इतना कहा है कि इस मामले में भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी, तो आखिर कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को डर किस बात का सता रहा है, इसका मतलब यह है कि दाल में कहीं-न-कहीं कुछ काला जरूर है।** कांग्रेस अध्यक्षा पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कल सोनिया जी भाषण देते वक्त भावुक हो गई थीं, अपने देश प्रेम की दुहाई दे रही थी, कह रही थीं कि आरएसएस और श्री नरेन्द्र मोदी उनको निशाना बना रहे हैं, उनके देशप्रेम पर सवाल उठा रहे हैं, **अरे सोनिया जी, भला हम आपको निशाना क्यों बनाएंगें, हम भलीभांति आपके देशप्रेम को जानते हैं और आपके पुत्र मोह को भी जानते हैं, आपके नेशनल हेराल्ड के प्रति प्रेम को भी जानते हैं और आपके टूजी घोटाले, कॉमनवेल्थ घोटाले, आदर्श सोसायटी घोटाले, एयर इंडिया प्लेन खरीद घोटाले, कोयला घोटाले एवं वेस्टलैंड घोटाले के प्रति प्रेम को भी जानते हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **केरल की जनता आपके छलावे में अब और आनेवाली नहीं है, वह इस बार राज्य से भ्रष्टाचारी कांग्रेस की यूडीएफ की सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना लिया है।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 वर्षों के यूपीए के शासनकाल में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले हुए, केरल की कांग्रेस सरकार भी घोटालों में पीछे नहीं रही, पॉमोलिन ऑयल घोटाला, टिटैनियम घोटाला, सौर ऊर्जा घोटाला, नर्सिंग भर्ती घोटाला, फाइनैंस मिनिस्टर और रोड एंड ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर का घोटाला, **पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस की यूडीएफ सरकार ने बस घोटाले ही घोटाले किये, केरल की कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार बनकर रह गई है।** उन्होंने कहा कि घोटालों की कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने का समय आ गया है। श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में हमारी सरकार के आये हुए 2 साल होने को आये**

**लेकिन हम पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप अब तक नहीं लगा है।** उन्होंने कहा कि **हम भ्रष्टाचार-मुक्त और सुशासन-युक्त भारत के नवनिर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस-नीत यूडीएफ और लेफ्ट के एलडीएफ गठबंधन का कोई सिद्धांत नहीं है, इन दोनों पार्टियों का एक मात्र सिद्धांत किसी भी तरह से सत्ता प्राप्त करना है**, इनकी विचारधारा में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि **विडम्बना देखिये कि पश्चिम बंगाल में तो कांग्रेस और लेफ्ट मिलकर चुनाव लड़ रही है वहीं केरल में यह जनता की आँखों में धूल झोंकते हुए एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वामपंथी पार्टियों द्वारा जनता में यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि यदि भाजपा केरल में सत्ता में आती है तो राज्य में हिंसा होगी और कम्युनल हार्मनी का माहौल बिगड़ेगा। श्री शाह ने लेफ्ट को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इससे बड़ी हास्यास्पद बात हो ही नहीं सकती, 14 राज्यों में हमारी सरकारें हैं और कहीं भी, कोई भी ऐसी अप्रिय घटना नहीं हुई बल्कि इसके ठीक विपरीत हमें समाज के सभी वर्गों का स्नेह और आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि केरल में एलडीएफ और यूडीएफ की सरकारों के रहते भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि **इनलोगों के इस अत्याचार से भाजपा डरनेवाली नहीं है, हमारे कार्यकर्ताओं का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, हम इस बलिदान पर एक खुशहाल और समृद्ध केरल के नवनिर्माण की नींव रखने में सफल होंगें।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव के केरल के भविष्य का चुनाव है और इस चुनाव में एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार जानेवाली है। उन्होंने कहा कि ये दोनों गठबंधन यह मान बैठे हैं कि जनता उन्हें ही चुनेगी लेकिन उनका यह भ्रम जल्द ही दूर होनेवाला है। श्री शाह ने कहा कि **50 वर्षों तक कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन ने केरल में शासन किया है पर केरल के विकास के लिए उन्होंने कुछ भी नहीं किया।** उन्होंने कहा कि समृद्ध संस्कृति और भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य के बावजूद केरल में पर्यटन उद्योग विकसित नहीं हो पाया है। युवाओं और महिलाओं को रोजगार की तलाश में दूर देशों में भटकना पड़ रहा है। श्री शाह ने कहा कि यदि उद्योग धंधे और बंदरगाहों का निर्माण यहां होता तो केरल दक्षिण का गेटवे ऑफ़ इंडिया बन सकता था। उन्होंने कहा कि **हम चाहते हैं कि केरल का युवा यहीं रहकर दुनिया के युवाओं के साथ स्पर्धा करे, रोजगारी प्राप्त करे और देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सके।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की **मोदी सरकार गाँव, गरीब और किसानों की सरकार है।** उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में हमारी सरकार ने गरीबों के लिए काफी कुछ किया है। उन्होंने कहा कि हमने गरीबों के लिए बैंक अकाउंट खोले, स्वरोजगार के लिए मुद्रा योजना शुरू की, देश के आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा कवच दिया, उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश के पांच करोड़ गरीब परिवारों को फ्री गैस कनेक्शन दिया जा रहा है, किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड, सिंचाई योजना और ई-मंडी योजना शुरू की, इसी तरह बेरोजगारी को ख़त्म

करने के उद्देश्य से स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, स्किल्ड इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हम पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत हर गाँव में 24 घंटे बिजली पहुंचाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि **हमारा एक मात्र मकसद विकास के जरिये गरीबों की सेवा और उनके जीवन-स्तर में सुधार लाना है।**

श्री शाह ने कहा कि जब राज्य सभा में सांसदों को मनोनीत करने की बारी आई तो हमने केरल को वरीयता देते हुए प्रो. रिचर्ड हे और श्री सुरेश गोपी को राज्य सभा भेजने का काम किया। खाड़ी देशों से केरल के बेटियों की सकुशल वापसी सुनिश्चित की और आतंकवादियों के चंगुल से केरल के नागरिकों को मुक्त कराया।

भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की जनता का आह्वान करते हुए कहा, "एक विकसित एवं मजबूत केरल के लिए राज्य में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना जरूरी है। **केरल की जनता ने कभी किसी को सत्ता में लाने के लिए वोट नहीं डाला है बल्कि भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए वोट डाला है**। मैं आपसे अपील करता हूँ कि इस बार एक समृद्ध केरल के निर्माण के लिए एवं भाजपा गठबंधन को सत्ता में लाने के लिए वोट कीजिये ताकि राज्य में किसी के साथ भेदभाव और अन्याय न हो सके।”

**(इंजी. अरुण कुमार जैन)**
कार्यालय सचिव